अमर उजाला 12/02/2025

# जीएमएन कॉलेज में पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन




**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया। ड्राइव का आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के निर्देशन में किया। इस ड्राइव में अलग-अलग राज्यों से महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण 900 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस ड्राइव में कुल सात कंपनियों शामिल हुईं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि बड़े पैमाने पर आयोजित की गई यह पूल कैंपस ड्राइव शिक्षित युवावर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आज के इस प्रतिस्पर्धा से भरे इस युग में अच्छी नौकरी पाना सभी युवाओं का एक सपना रहता है। सीआरसी यूनिट की संयोजिका डॉ. भारती सुजान एवं टीपीओ प्रो. कमलप्रीत कौर ने बताया कि इस ड्राइव में हिस्सा लेने के लिए विद्यार्थियों ने जी जान से मेहनत की है और परिणाम स्वरूप साक्षात्कार के समय उनका आत्मविश्वास देखने योग्य रहा है। संवाद